(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) और (ख) इस संबंध में अनेक अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। विभिन्न मुद्दों की जांच करने के बाद सरकार ने इलाहाबाद, जयपुर, बेंगलूर, हाजीपुर, जबलपुर और भुवनेश्वर में छः नये जोनों और आगरा, पुणे, रांची, रायपुर, रंगिया, गुंटूर, सिंगरौली और अहमदाबाद में आठ नये मंडलों का गठन करने का विनिश्चय किया है।

खाद्यान्नों के उत्पादन का लक्ष्य

4032. श्री राम जेठमलानी: क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में वर्ष 1995-96 के लिये खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य 192 मिलियन टन निर्धारित किया गया था;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त वर्ष में खाद्यान्न का उत्पादन केवल 190.4 मिलियन टन ही हुआ था;

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं;

(घ) क्या यह भी सच है कि वर्ष 1996-97 के लिये खाद्यान्नों के उत्पादन का लक्ष्य 210 मिलियन टन निर्धारित किया गया है; और

(ङ) यदि नहीं, तो लक्ष्य क्या है और सरकार ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये क्या-क्या नये उपाय करने और प्रोत्साहन देने का निर्णय किया है?

कृषि मंत्री (श्री चतुरानन मिश्र): (क) जी हां।

(ख) और (ग) जी हां, इस समय लगाये गये अनुमान के अनुसार, 1995-96 के दौरान खाद्यान्न उत्पादन 190.4 मिलियन मीटरी टन है।

(घ) जी हां।

(ङ) खाद्यान्न उत्पादन तथा उत्पादकता को बढ़ाने के लिये चावल, गेहूं तथा फसल पद्धति क्षेत्र आधारित मोटे अनाज पर समेकित खाद्यान्न विकास कार्यक्रम (आई॰ सी॰डी॰पी॰— चावल गेहूं तथा मोटे अनाज) और राष्ट्रीय दलहन विकास परियोजना क्रियान्वित की जा रही है। किसानों को रियायती मूल्यों पर, ज्यादा उत्पादन देने वाले आदानों के अधिक उपयोग, मंडी तथा मूल्य समर्थन के द्वारा खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है।

Agricultural and Population Growth

4033. SHRIMATI VEENA VERMA:
SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE:
SHRI RAJUBHAI A. PARMAR:

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that in some of the States the agricultural growth has petered down during the post-reform period 1991—95 while population growth has gone up; and

(b) if so, the names of such~ States indicating the agricultural and population growth from year to year during 1991—95?

THE MINISTER OF AGRICULTURE (SHRI CHATURANAN MISHRA): (a) The rate of growth of Gross Domestic Product from agriculture during the post-reform period *i.e.* 1990-91 to 1994-95 in some of the States was lower than the rate of growth of Population.

(b) The name of the States which have shown lower growth rate in Gross Domestic Product from agriculture as compared to the population growth during the period 1991—95 along with their rates of growth are as follows:—

(per cent per annum)

State	Rate of growth of GDP from agriculture	Rate of growth of population
Assam	(-) 0.91	2.02
Bihar	(-) 4.41	2.15
Himachal Pradesh	(-) 1.06	1.87
Uttar Pradesh	1.69	2.42